अमर उजाला

Date: 15.08.2024

सीआरएसयू में तिरंगा यात्रा निकाल किया पौधरोपण

सीआरएसयू में पौधरोपण करते हुए कुलपति डॉ. रणपाल सिंह। स्रोत प्रशासन

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। स्वतंत्रता दिवस पर एनसीसी व एनएसएस सेल चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की तरफ से हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा एवं पौधरोपण का आयोजन किया गया। इस दौरान कुलपति कर्नल डॉ. रणपाल सिंह ने पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागृत किया।

उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा एक महत्वपूर्ण सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें भारतीय नागरिक अपने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के साथ यात्रा करते हैं और तिरंगा यात्रा से सभी वर्ग, धर्म और क्षेत्रों के लोग एकजुट होते हैं। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत होती है। यह उन्हें देश की सेवा के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर एनएसएस कोऑर्डिनेटर जितेंद्र, डॉ. सुमन पूनिया भी मौजूद रहे।

दैनिक जागरण

Date: 15.08.2024

विद्यार्थियों ने पोस्टर बना बताए रैगिंग के दुष्प्रभाव

जागरण संवाददाता • जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में 12 से 18 अगस्त तक मनाए जा रहे एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया जा रहा है। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में रैगिंग के खिलाफ जागरूकता फैलाना था।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 15.08.2024

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता से विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग के प्रति किया जागरूक

जींद| सीआरएसयू में 12 से 18 अगस्त तक मनाए जा रहे एंटी रैगिंग सप्ताह के तहत बुधवार को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्रों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और रैगिंग के खिलाफ प्रभावशाली संदेशों को अपने पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किया। छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मकता का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रैगिंग के दुष्प्रभावों और इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरक चित्र और नारे तैयार किए। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में रैगिंग के खिलाफ जागरूकता फैलाना और छात्रों को इसके खतरों के प्रति संवेदनशील बनाना था। इस अवसर पर प्रोफेसर कुलदीप नारा, डॉ. रोहित, डॉ. सुनीति भी मौजूद रहे।

दैनिक जागरण

Date: 15.08.2024

सीआरएसयू में तिरंगा यात्रा निकालते कुलपति डा. रणपाल सिंह व अन्य। ● सौ. विवि

राष्ट्र विकास के लिए तैयार रहें युवा : वीसी

जासं ● जींद : स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सीआरएसयू में एनसीसी व एनएसएस सेल द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति कर्नल डा. रणपाल सिंह ने पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को हमेशा राष्ट्र विकास के लिए तैयार रहना चाहिए। तिरंगा यात्रा एक महत्वपूर्ण सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन है। इसमें भारतीय नागरिक अपने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के साथ यात्रा करते हैं और तिरंगा यात्रा से सभी वर्ग, धर्म, और क्षेत्रों के लोग एकजुट होते हैं। यह राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूती प्रदान करता है। कुलसचिव प्रोफेसर लवलीन मोहन ने कहा कि यात्रा के माध्यम से लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत होती है। तिरंगे के प्रति सम्मान और प्रेम बढ़ता है। तिरंगा यात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर भी जागरूकता का संदेश दिया जाता है।